खतरनाक मोड़ और एडवेंचर से भरपूर ये हैं

दुनिया के 3 मशहूर हाइवे

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सबसे पहले बात करते हैं दुनिया के सबसे खतरनाक हाइवे अटलांटिक ओशियन रोड की। ये रोड कई सारे शहरों को आपस में जोड़ने के कारण कई सारे आइलैंड से मिलकर बना है। नार्वे का कंट्री रोड 64 आर्किटेक्चर द्वारा बनाया गया है जो बहुत ही खूबसूरत है। अगर आप जबरदस्त घुमक्कड़ हैं और पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग, तैराकी आदि एडवेंचर करके थक गये है तो आज हम आपको दुनिया के ऐसे हाइवे के बारे में बताएंगे तो अपने खतरनाक टर्न और एडवेंचर के लिए मशहूर और जब सफर एडवेंचर से भरा हो तो सफर का मजा भी दस गुना बढ़ जाता हैं। तो चलें साथ खतरनाक हाईवे के सफर पर

अटलांटिक ओशियन रोड, नॉर्वे

सबसे पहले बात करते हैं दुनिया के सबसे खतरनाक हाइवे अटलांटिक ओशियन रोड की। ये रोड कई सारे शहरों को आपस में जोड़ने के कारण कई सारे आइलैंड से मिलकर बना है। नार्वे का कंट्री रोड 64 आर्किटेक्चर द्वारा बनाया गया है जो बहुत ही खूबसूरत है। अटलांटिक महासागर रोड 8.3 किलोमीटर (5.2 मील) लंबा खंड है जो नॉर्वे के मौरे ओग रॉमस्डल में ईद और एवरोय में एक द्वीपसमूह से होकर गुजरता है। यह नॉर्वेजियन सागर के एक अनछुए हिस्से, हस्टाद्विका से गुजरती है। यह आइरा में एवरो और वीवांग पर क्रास के गांवों के बीच से निकला हाइवे है। यह कई छोटे द्वीपों और स्केरियों पर बनाया गया है, जो कई कारण, विडक्ट्स और आठ पुलों से जुड़े हुए हैं - सबसे प्रमुख स्टोर्सिसुंडेट ब्रिज है। नदी के बीचों-बीच रोलर-कोस्टर जैसे हाईवे से गुजरने का एडवेंचर ही अलग होता है और इसी वजह से ये ट्रैवल लवर्स का भी फेवरेट है।

रोहतांग पास, इंडिया

यह दर्रा, दुनिया की सबसे ऊंची चलने वाली रोड़ है जहां हर साल लाखों पर्यटक इस लॉफी पहाड़ पर भ्रमण करने आते हैं। यह दर्रा समुद्र स?तर से 4111 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है जहां से मनाली का शानदार दृश?य दिखाई पड़ता है। मनाली से इस दर्रा की दूरी 51 किमी. है। भारत का रोहतांग पास भी बहुत ही खतरनाक और एडवेंचरस हाईवे की लिस्ट में शामिल है। आसपास हरे-भरे जंगल, ऊंचे-ऊंचे पहाड़, नदियां और ग्लेशियर के बीच इस रोड से गुजरने का एक्सपीरियंस वाकई बहुत अलग होता है।

हाना हाईवे, माउई

माउई का हाना हाईवे भी ट्रैवलर्स के फेवरेट लिस्ट में शामिल है, क्योंकि यहां ड्राइविंग एक्साइटिंग होने के साथ ही एडवेंचर से भी भरपूर है। 84 किमी लंबे इस हाईवे पर गुजरते हुए लगभग ६०० मोड़ और 59 ब्रिज मिलते हैं। इनमें से कई ब्रिज १०० साल से भी पुराने हैं।

रिटायरमेंट के बाद इन जगहों पर प्लान कर सकते हैं अपना वेकेशन

पुणे के पास एक बेहद ही खूबसूरत जगह है तपोला। तपोला अपने ऊंचे पहाड़, प्राकृतिक सुंदरता, रंग-बिरंगे फूल, घनी हरी वादियों के लिए काफी मशहूर हैं पर्यटकों के लिए ये स्थान कुदरत की शानदार निशानी माना जाता हैं। तपोला टेंट रिजॉर्ट में रूकने पर आप शिवसागर झील में वॉटर स्पोर्ट्स का मजा भी ले सकते हैं। कुछ जगह ऐसी होती है जिसे देखने का मजा तब आता है जब आप अपने काम से आजाद हो। जॉब से रिटायर होने के बाद अगर आप अपने लिए कोई वेकेशन प्लान तक कहे हैं तो हम आपके लिए लेकर आये हैं कुछ ऐसी जगहों के बारें में जहां आप लंबे वेकेशन पर जा सकते है। ऐसा माना जाता है कि भागदौड़ भरी जिंदगी से रिटायर होने के बाद लोग इस जगह पर आकर काफी शांति महसूस करते हैं। ये जगह हैं पुणे और उसके आप-पास की कुछ खूबसूरत जगह, जिसके बारे में हम आपको इस आर्टिकल में बताएंगे-

पुणे

सर्दी हो या गर्मी महाराष्ट्र के पुणे का मौसम काफी सुहावना होता हैं। खास कर सर्दियों के मौसम में पुणे की खूबसूरती को सर्दियां और खूबसूरत बना देती हैं। कहते हैं कि पुणे का नाम पुण्या शब्द से बना हैं। इस शब्द का मतलब होता हैं दो नदियों का मिलन। ये शहर दो नदियों के संगम का भी शहर है। इस शहर में दो नदियां आपस में आकर मिलती है मुला और मुठा। इस शहर में मराठा साम्राज्य के अनेक मुख्यालय स्थित हैं जो पर्यटकों को सबसे ज्यादा आकर्षित करते हैं।

तपोला

पुणे के पास एक बेहद ही खूबसूरत जगह है तपोला। तपोला अपने ऊंचे पहाड़, प्राकृतिक सुंदरता, रंग-बिरंगे फूल, घनी हरी वादियों के लिए काफी मशहूर हैंष पर्यटकों के लिए ये स्थान कुदरत की शानदार निशानी माना जाता हैं। तपोला टेंट रिजॉर्ट में रूकने पर आप शिवसागर झील में वॉटर स्पोर्ट्स का मजा भी ले सकते हैं। तपोला में शिवसागर झील पर्यटकों के बीच आकर्षण का प्रमुख केंद्र है। यहां पर आप तैराकी, कायाकिंग या वॉटर स्कूटर राइड का मजा ले सकते हैं।

महाबलेश्वर

ऊंची पहाडियां, सुंदर वादियां वादियों में तैरते सफेद बादल कानों को छूती हुई सर-सराती हवा पेड़ों के पत्तों की खनकती आवाज. इन सब का अगर आपको एहसास करना हैं तो आपको महाबलेश्वर हिल स्टेशन की सैर जरूर करनी चाहिए। यहां फ्कलैंड प्वॉइंट, कारनेक प्वॉइंट, विल्सन प्वॉइंट, कनॉट पीक और कैसल रॉक पर इन सब एडवेंचर का मजा ले सकते हैं। खुद विदेशियों ने भी महाबलेश्वर की खूबसूरती का बखान किया है। महाबलेश्वर में प्राकृतिक सौंदर्य और एडवेंचर के अलावा धार्मिक स्थल भी मौजूद हैं।

पंचगनी

पंचगनी का नाम आपने किताबों में जरूर सुना होगा। जी हां आपने धार्मिक स्थलों को लेकर ये दुनिया में मशहूर हैं। धार्मिक स्थलों के साथ-साथ यह जगह बेहद ही खूबसूरत हैं। यहां की खूबसूरती पर्यटकों को खूब आकर्षित करती हैं। पंचगनी के माउंट मैल्कोल्म, महाबलेश्वर मंदिर, पंचगना मंदिर, विल्सन प्वॉइंट, सिडनी प्वॉइंट, वेन्ना झील, लिंगमाला झरना, धोम बांध और बॉम्बे प्वाइंट आदि देख सकते हैं। इस जगह की ताजी हवा में आकर आप शहर के प्रदूषण को भूल जाएंगे।